PAPER – II
पत्र – II

HINDI LANGUAGE AND LITERATURE
हिन्दी भाषा एवं साहित्य

पूर्णांक : 150 | **समय : 3 घण्टे**

निर्देश :

*(1) हाशिये में **पूर्णांक** दिए गए हैं ।*

*(2) प्रश्न-पत्र दो भागों में विभक्त है। **भाग – A** में कुल चार प्रश्न (प्रश्न सं. 01 से 04) एवं **भाग – B** में कुल **चार** प्रश्न (प्रश्न सं. 05 से 08) हैं।*

*(3) कुल **छह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न संख्या **01** एवं प्रश्न संख्या **05** का उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(4) **अनिवार्य** प्रश्न संख्या **01** एवं प्रश्न संख्या **05** के अंतर्गत कुल **सात-सात** प्रश्न हैं। कुल सात-सात प्रश्नों में से **पाँच-पाँच** प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।*

*(5) **अनिवार्य** प्रश्न संख्या **01** एवं प्रश्न संख्या **05** के अतिरिक्त प्रत्येक खण्ड में से कम से कम **एक** एवं कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

Marks
गुण

भाग – A
खण्ड – A

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : **(5×7=35)**

(क) हिन्दी भाषा के क्षेत्र का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) भाषा तथा बोली के अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) समास क्या है ? इसके भेदों की चर्चा कीजिए ।

(घ) राजभाषा के रूप में हिन्दी का महत्त्व बताइए ।

(ङ) 'काव्य-प्रयोजन' क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

(च) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए ।

(छ) 'व्यंजना' शब्द-शक्ति के लक्षण और उदाहरण दीजिए ।

2. (क) भाषाओं के वर्गीकरण के प्रमुख आधारों की सोदाहरण विवेचना कीजिए । 10

(ख) संस्कृत काव्यशास्त्र में विवेचित काव्य-हेतुओं की व्याख्या कीजिए । 10

Marks
गुण

3. (क) हिन्दी के सर्वनामों का सोदाहरण विवेचन कीजिए । 10
(ख) ध्वनि के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी उपयोगिता बताइए । 10

4. (क) प्रयोजनमूलक हिन्दी की अवधारणा और प्रासंगिकता पर विचार कीजिए । 10
(ख) संधि और समास की परिभाषा देते हुए इनके बीच व्याप्त अंतरों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 10

भाग – B
खण्ड – B

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : (5×7=35)
(क) साहित्येतिहास-लेखन की विधेयवादी प्रणाली क्या है ?
(ख) हिन्दी साहित्य के 'आदिकाल' के अन्य नामों की अनुपयुक्तता पर विचार कीजिए ।
(ग) संत काव्यधारा की प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए ।
(घ) बिहारी के दोहे 'देखन में छोटे लगैं, घाव करें गंभीर' जैसी उक्ति को चरितार्थ करते हैं। इस कथन की समीक्षा कीजिए।
(ङ) 'आधे अधूरे' आधुनिक मध्यवर्गीय जीवन की विसंगतियों को सामने लाता है। इस कथन की तर्कपूर्ण जाँच कीजिए।
(च) 'वातावरण की सजीवता, कहानी की लाक्षणिक भंगिमा, फ्लैश बैक की शैली और कथा शिल्प का संयम अद्भुत है ।' इस कथन के आलोक में 'उसने कहा था' कहानी की समीक्षा कीजिए ।
(छ) 'नई कविता' की प्रमुख प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए।

6. (क) 'अयोध्याकांड' रामचरितमानस का हृदय स्थल है।' इस कथन की सत्यता की जाँच सोदाहरण कीजिए। 10
(ख) 'कामायनी' के आधार पर जयशंकर प्रसाद की नारी-दृष्टि का मूल्यांकन कीजिए । 10

7. (क) हिन्दी उपन्यास-परंपरा में 'मैला आंचल' का महत्व बताइए । 10
(ख) 'प्रगतिवाद अपनी सीमाओं के बावजूद हिन्दी काव्यधारा के विकास का महत्त्वपूर्ण पड़ाव है ।' – इस दृष्टि से प्रगतिवादी कवियों और उनकी रचनाओं पर मंतव्य दीजिए । 10

8. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (2×5=10)
(I) है अमानिशा उगलता गगन घन अंधकार,
खो रहा दिशा का ज्ञान, स्तब्ध है पवन-चार,
अप्रतिहत गरज रहा पीछे अम्बुधि विशाल,
भूधर ज्यों ध्यानमग्न, केवल जलती मशाल
(II) जयघोष तुम्हारे चारण करेंगे; हत्या, रक्तपात और अग्निकांड के लिए उपकरण जुटाने में मुझे आनन्द नहीं। विजय-तृष्णा का अंत पराभव में होता है, अलक्षेन्द्र ! राजसत्ता सुव्यवस्था से बढ़े तो बढ़ सकती है, केवल विजयों से नहीं। इसलिए अपनी प्रजा के कल्याण में लगो।
(ख) 'आदिवासी साहित्य की आवश्यकता' अथवा 'समकालीन हिन्दी पत्रकारिता' पर एक निबंध लिखिए। 10